**भारत सरकार**

**संचार मंत्रालय**

**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं.456**

**उत्तर देने की तारीख 24 जुलाई, 2024**

**ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल कनेक्टिविटी**

**456. डॉ. नामदेव किरसान:**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ग्रामीण आबादी को पर्याप्त डिजीटल कनेक्टिविटी प्रदान करना सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं क्योंकि देश की केवल 33 प्रतिशत ग्रामीण आबादी की इंटरनेट तक पहुंच है; और

(ख) इस संबंध में अन्य कौन-से प्रभावी कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**

**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

(क) से (ख) अप्रैल 2024 की स्थिति के अनुसार देश के 6,44,131 गांवों (गांवों से संबंधित आंकड़े भारत के महापंजीयक के अनुसार) में से देश में लगभग 6,20,629 गांव यथा 96.35 प्रतिशत गांवों में मोबाइल कनेक्टिविटी उपलब्ध है साथ ही साथ 6,12,952 गांवों में 3जी/4जी मोबाइल नेटवर्क कवरेज उपलब्ध है जो कुल ग्रामीण जनसंख्या के 95.15 प्रतिशत जनसंख्या तक इंटरनेट पहुंच को इंगित करता है।

देश में दूरसंचार कनेक्टिविटी में और अधिक सुधार लाने के लिए सरकार विभिन्न स्कीमें कार्यान्वित कर रही है, जैसे:-

- उत्तरी - पूर्वी क्षेत्र और द्वीपसमूहों के लिए व्यापक दूरसंचार विकास परियोजना (सीटीडीपी) के तहत मोबाइल कनेक्टिविटी परियोजना का प्रावधान तथा आकांक्षी जिलों, वामपंथी उग्रवाद प्रभावित (एलडब्ल्यूई) क्षेत्र, सीमावर्ती क्षेत्रों में दूरसंचार कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए मोबाइल कनेक्टिविटी परियोजना एवं 4 जी सेचुरेशन परियोजना।
- भारतनेट परियोजना जिसका उद्देश्य सभी ग्राम पंचायतों (जीपी) और गांवों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना है।

*****